प्रेस नोट

थाना सुल्तानपुर घोष,जनपद फतेहपुर

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल निर्देशन व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी महोदय खागा के निकट पर्वेक्षण में आज दिनांक 24.09.2024 को थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में उ0नि0आकाश मिश्रा मय हमराह का0 आनन्द यादव के देखभाल क्षेत्र ,जाँच प्रार्थना पत्र , पेंडिग विवेचना,रात्रिगश्त , तलाश वांछित/वारंटी , संदिग्घ व्यक्ति व वाहनो की चेंकिग करते हुए कर्मेपुर मोड़ प्रेमनगर से चौकी चौराहा रोड पर मौजूद था कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि एक व्यक्ति बिराहिनपुर मजरे जगजीवनपुर की नहर पकड़कर पक्की रोड से ग्राम सुल्तानपुर घोष की तरफ आ रहा हैं जिसके पास अवैध गांजा हैं जिसे बेचने के लिए वह सेमौरी की तरफ जाने वाला हैं यदि जल्दी किया जाय तो उसे नहर पर ही पकड़ा जा सकता हैं। इस सूचना पर विश्वास करके हमराही कर्मचारी को मकसद से अवगत कराया गया तथा मुखबिर खास व एक-दूसरे की जामा तलाशी लेकर यह यकीन किया गया कि किसी के पास जुर्म से संबंधित कोई भी वस्तु नहीं हैं और हम लोग बिराहिनपुर नहर पुलिया पर पहुँचे तो मुखबिर खास द्वारा बताया गया कि जो व्यक्ति हाथ में स्लेटी रंग का झोला लिये आयेगा उसी के पास अवैध गांजा है और मुखबिर खास चला गया कुछ ही देर बाद एक व्यक्ति अपने हाथ में झोला लिये हुए आता दिखाई दिया तो हम लोग पक्की सड़क पर आ गये हम पुलिस वालो को देखते ही वह व्यक्ति पीछे मुड़कर भागने लगा हम पुलिस वालो द्वारा दौड़ाकर हिकमत अमली से उस झोला लिये व्यक्ति राधे पुत्र स्व0 सुक्खु निवासी ग्राम व थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर उम्र करीब 28 वर्ष को बिराहिनपुर नहर पुलिया बहद ग्राम बिराहिनपुर मजरे जगजीवनपुर थाना सु0घोष से समय करीब 05.10 बजे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 152/2024 धारा 8/20 NDPS ACT पंजीकृत करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को मा0न्यायालय के समक्ष पेश किये जाने हेतु भेजा गया।

➢ गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः –

1.राधे उर्फ रामकिशोर पुत्र स्व0 सुक्खु निवासी ग्राम सुल्तानपुर घोष थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर उम्र करीब 28 वर्ष।

➢ बरामदगी का विवरणः-

1. 01 किलो 250 ग्राम गांजा

➢ अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः-

1. राधे उर्फ रामकिशोर पुत्र स्व0 सुक्खु निवासी ग्राम सुल्तानपुर घोष थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर उम्र करीब 28 वर्ष।

1. मु0अ0सं0 152/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर।

गिरफ्तार करने वाली टीम

1.थानाध्यक्ष श्री राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी,थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर।
2.उ0नि0आकाश मिश्रा ,थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर।
3.का0 आनन्द यादव थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर।

थानाध्यक्ष
थाना सुल्तानपुर घोष
जनपद फतेहपुर